अंग्रेजी साहित्य परिषद् के तत्वाधान में और प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता जी के निर्देशन में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनाँक 7 सितंबर 2016 को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में कुल 20 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की । डॉ गीता गुप्ता, प्रवक्ता अंग्रेजी विभाग ने सभी अतिथियों का स्वागत किया । प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें इन प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर भाग लेने को कहा जिससे उनके संचार कौशल का विकास हो और आत्मविश्वास में वृद्धि हो । भाषण प्रतियोगिता का समय 3-4 मिनट था तथा विषय थे –

1. अंग्रेजी पढ़े : विश्व में पहुँच बनाएं
2. स्वच्छ भारत, भ्रष्टाचार मुक्त भारत
3. बेटी बचाओ और ऊंचाइयों तक पहुँचने में उनकी सहायता करो ।

निर्णायक मंडल की भूमिका श्रीमती किरन आनंद, विभागाध्यक्षा, हिंदी विभाग तथा डॉ शिल्पा गोयल, विभागाध्यक्षा, मैनेजमेंट विभाग ने निभाई । प्रथम पुरुस्कार साधना, बी ए तृतीय वर्ष को मिला । द्वितीय पुरुस्कार निशा, बी कॉम प्रथम वर्ष तथा तृतीय पुरुस्कार कविता, बी ए तृतीय को मिला । इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के सभी प्रवक्तागण तथा बी ए द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के विद्यार्थी उपस्थित थे । अंत में डॉ सारिका कांजलिया ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया ।